रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल को दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी (केंद्रीय पीएसयू) श्रेणी में डन एंड ब्रैडस्ट्रीट (Dun & Bradstreet) अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है।

'यह तीसरी बार है जब रेलटेल को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है जो सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है': श्री संजय कुमार/अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल

****

रेल मंत्रालय, रेल मंत्रालय के तहत एक मिनीरत्न केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम रेलटेल को दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी (केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम) श्रेणी **[Telecommunication & Information Technology (Central PSUs) category]** में डन एंड ब्रैडस्ट्रीट (Dun & Bradstreet) अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। डन एंड ब्रैडस्ट्रीट 180 से अधिक वर्षों से बी2बी डेटा, इनसाइट्स और एनालिटिक्स का अग्रणी वैश्विक प्रोवाइडर है। इस पुरस्कार की घोषणा नई दिल्ली में 'पीएसयू एंड गवर्नमेंट समिट 2022' में की गई। यह पुरस्कार दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रेलटेल के योगदान और सेवा वितरण के उच्च मानक को स्वीकार करते हुए प्रदान किया गया है।

इस पुरस्कार के बारे में रेलटेल के सीएमडी श्री संजय कुमार ने कहा, "यह तीसरी बार है जब रेलटेल को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जो सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करने की प्रति हमारी प्रतिबद्धता के बारे में बताता है। इस तरह की मान्यताएं हमें अपने काम में उत्कृष्टता बनाए रखने और मानक सेट पर खरा उतरने के लिए प्रेरित करती हैं।

रेलटेल के बारे में

रेल मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" रेलटेल देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एवं आईसीटी एवं सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक है, जिसका ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क पूरे भारतवर्ष में फैला है, जिसमें देश के अनेक नगर और शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। ऑप्टिक फाइबर के 61000+रूट किलोमीटर के एक विश्वसनीय नेटवर्क के साथ रेलटेल के MeitY empaneled tier III के दो डेटा सेंटर भी हैं। पूरे भारतवर्ष में अपने उच्च क्षमता वाले नेटवर्क के साथ, रेलटेल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक नॉलेज सोसाइटी के सृजन का कार्य किया जा रहा है और टेलीकॉम के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन आधारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी रेलटेल को चुना गया है। रेलटेल द्वारा अनेक सेवाएं जैसे एमपीएलएस, वीपीएन, टेलीप्रेजेन्स, लीज़्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सर्विसेस इत्यादि भी ऑफर की

जाती हैं। रेलटेल द्वारा भारतीय रेल के साथ मिलकर पूरे देश में रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई-फाई की व्यवस्था करते हुए देश के रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य किया जा रहा है।

....

अन्य विवरण के लिए,कृपया संपर्क करें

Sucharita Pradhan
Asst. General Manager/PR
RailTel
sucharita@railtelindia.com